>

Title: Need to include Gadchiroli, Wadsa, Deori and Brahmapuri towns of Maharashtra under Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission.

श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर): केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय के द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अंतर्गत देश के अब तक जिन शहरों और कस्बों को शामिल किया गया है, उनमे अनुसूचित जाति व जनजाति बाहुल्य आबादी वाले शहरों एवं कस्बों की संख्या बहुत कम है गरीब एवं पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है कि सरकार इस मिशन के अंतर्गत देश के ऐसे शहर एवं कस्बे, जो अनुसूचित जाति व जनजाति बाहुल्य वाले हैं, उन्हें वरीयता प्रदान करके मिशन की सुविधाएं उपलब्ध कराएं ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध हे कि वह महाराष्ट्र राज्य के आदिवासी बाहुल्य कस्बों-गड़चिरौली बड़सा, देवरी व ब्रह्मपुरी को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अंतर्गत वरीयता देकर शामिल करके इन कस्बों में रहने वाले आदिवासी गरीब नागरिकों को भी इस कार्यक्रम की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें ।